**गांवों में खेल सुविधाएं**

257. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :**
**श्री अश्विनी कुमार :**

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गांवों में खेलों के लिए खेल-मैदानों की व्यवस्था करने तथा आधुनिक उपकरण देने के मामले में राज्य सरकारों की सहायता करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ; और

(ख) क्या सरकार ग्रामीण युवकों में कुश्ती की परम्परागत प्रतिभा का पता लगाने की संभाव्यता पर विचार करने का विचार रखती है ?

**युवक कार्यक्रम और खेल विभाग में राज्य मंत्री (श्री आर० के० जयचन्द्र सिंह) :** (क) केन्द्रीय सरकार राज्य खेल परिषदों को अनुदान देने की एक योजना चला रही है जिसके अन्तर्गत राज्य सरकारों, राज्य खेल परिषदों को खेल मैदानों के विकास और गैर-खर्चीले किस्म के खेल उपस्कर की खरीद सहित विभिन्न प्रयोजनार्थ वित्तीय सहायता दी जाती है।

(ख) केन्द्रीय सरकार ग्रामीण युवा वर्ग में से कुश्ती सहित विभिन्न खेल विषयों में प्रतिभाशालियों का पता लगाने के लिए ग्रामीण खेल प्रतियोगिता की योजना पहले ही चला रही है । इन प्रतियोगिताओं में से उत्कृष्ट खिलाड़ियों को लिया जाता है और उन्हें खेल प्रतिभा खोज छात्रवृति योजना के अन्तर्गत खेल छात्रवृत्तियां प्रदान की जाती है ताकि उनकी प्रतिभा को बढ़ाया जा सके।

**देश में स्थानीय खेलों को बढ़ावा**

258. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :**
**श्री अश्विनी कुमार :**

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) किन-किन राष्ट्रीय खेलों को देश भर में खेला जाता है और आयोजित किया जाता है और सरकार ने उनको बढ़ावा देने के लिए क्या प्रयास किए हैं ; और

(ख) क्या सरकार स्थानीय खेलों का पता लगाने और उनको बढ़ावा देने तथा प्रचार माध्यमों के जरिये इन खेलों का प्रसार करने का विचार रखती है ?

**युवक कार्यक्रम और खेल विभाग में राज्य मंत्री (श्री आर० के० जयचन्द्र सिंह) :** (क) ऐसे खेलों की सूची, जिनके लिए सरकार द्वारा राष्ट्रीय खेल संघ मान्यता प्राप्त हैं, संलग्न है । सरकार संबंधित राष्ट्रीय खेल संघ को प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने के लिए और राष्ट्रीय टीमों को विदेश भेजने के लिए वित्तीय सहायता देकर और ग्रामीण खेल प्रतियोगिताएं महिला समारोहों और खेल प्रतिभा खोज छात्रवृत्ति योजना, जैसी अन्य विभिन्न योजनाओं के संचालन द्वारा भी इन खेलों को बढ़ावा देने में सहायता करती है। सरकार अपनी राज्य खेल परिषदों तथा अन्य स्वैच्छिक निकायों को अनुदान देने की योजना के अन्तर्गत सहायक अनुदान स्वीकृत करके अवस्थापनात्मक सुविधाओं के निर्माण में भी सहायता करती है ।

(ख) यह संबंधित राज्य सरकारों के लिए है कि स्थानीय खेलों का पता लगाएं और उन्हें बढ़ावा दें।

**विवरण**

**ऐसे खेलों की सूची जिनके लिये सरकार द्वारा राष्ट्रीय खेल संघ मान्यता प्राप्त है :**

1. एयरो खेल
2. तीरंदाजी
3. ब्रिज
4. बास्केट बाल
5. बैडमिन्टन
6. मुक्केबाजी
7. बाडी-बिल्डिंग
8. बिलियर्डस एण्ड स्नूकर